# संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप-समिति द्वारा भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल), अहमदाबाद का निरीक्षण

संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप-समिति द्वारा भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल), अहमदाबाद का निरीक्षण राजकोट, गुजरात में सोमवार दिनांक 10 जुलाई, 2023 को किया गया। माननीय समिति ने कार्यालय में चल रहे हिंदी के कार्यान्वयन की समीक्षा की एवं सुझाव प्रेषित किए। माननीया सांसद  प्रो. रीता बहुगुणा जोशी की अध्यक्षता में यह निरीक्षण किया गया। भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला के निदेशक **प्रो. अनिल भारद्वाज**, प्रो. आर.डी. देशपांडे, वरिष्ठ प्रोफेसर एवं रजिस्ट्रार, प्रो. सोम कुमार शर्मा, प्रोफेसर, श्री प्रदीप कुमार शर्मा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, श्रीमती रुमकी दत्ता, सहायक निदेशक (रा.भा.) और अंतरिक्ष विभाग की ओर से श्री लोचन सेहरा, संयुक्त सचिव, इन-स्पेस एवं डॉ. शंकर कुमार, संयुक्त निदेशक (रा.भा.) उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान संसदीय समिति द्वारा भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला में किए जा रहे हिंदी कार्यान्वयन के कार्यों की सराहना की गई एवं ध्यान देने योग्य बातों पर भी चर्चा की गई। यह निरीक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ। निदेशक महोदय ने भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला का पारंपरिक स्टोल ओढ़ाकर समिति का सम्मान किया एवं गृह-पत्रिका “विक्रम” की प्रति भेंट की। इस निरीक्षण के समापन पर रजिस्ट्रार, प्रो. आर.डी. देशपांडे द्वारा माननीय समिति का आभार ज्ञापन किया गया।




***निरीक्षण कार्यक्रम की झलक:*** *संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप-समिति द्वारा राजकोट, गुजरात में सोमवार दिनांक 10 जुलाई, 2023 को भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल), अहमदाबाद का निरीक्षण*